सफलता पूर्वक 4 साल

www.politelive.com

# पोलिट लाइव

दैनिक डिजिटल अखबार

*वेब चैनल *यूट्यूब न्यूज *1 लाख लोग

वर्ष : 04 अंक : 300 Reg no - JH - 04-000-1393 धनबाद, रविवार, 28 अप्रैल, 2024

A TRUSTED BRAND

CRESCENT INTERNATIONAL SCHOOL

CBSE AFFILIATED SENIOR SECONDARY SCHOOL (AFFILIATION NO. 3430385)

ADMISSION OPEN

SESSION 2024 - 2025

HOSTEL FACILITY AVAILABLE

AN INSTITUTION FOR QUALITY EDUCATION

LIMITED SEATS

NURSERY TO CLASS XII

SCIENCE, COMMERCE & ARTS

BARIO, KNOWLEDGE VILLAGE, GOVINDPUR, DHANBAD ✆ 9934319186

# गोविंदपुर में अवैध लॉटरी कारोबारी के घर छापेमारी

## 50,000 का लॉटरी टिकट एवं 1,52000 नगद पुलिस ने किया बरामद,एक हिरासत में

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोविंदपुर : गोविंदपुर पुलिस ने शनिवार को गांव भीतर गोविंदपुर में छापेमारी कर मृदुल विष्णु के घर से ₹50000 का लॉटरी टिकट 152000 नगद बरामद किया पुलिस इंस्पेक्टर ने बताया कि छापेमारी दल को देखते ही मृदुल विष्णु घर से फरार हो गया पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने बताया कि इस संबंध में मृदुल विष्णु के खिलाफ भादवि की धारा 420 एवं बिहार झारखंड बैंक ऑफ़ लॉटरी एक्ट 1958 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है पुलिस मामले की छानबीन कर रही है लॉटरी बचने के मामले में मृदुल इसके पूर्व भी गिरफ्तार हुआ था,

जिस घर में पुलिस ने छापेमारी की है। वह मृदुल नामक शख्स की है, जो कि अवैध लॉटरी का बेताज बादशाह माना जाता है। लंबे समय से पुलिस ने उसके आसपास अपने गुप्तचर को लगा रखा था। हालांकि छापेमारी के वक्त मृदुल घर में मौजूद नहीं था और उसका बेटा जो कि पेशे से इंजीनियर है, वह पुलिस की पकड़ में आ गया। पुलिस फिलहाल कारोबारी की तलाश में छापेमारी कर रही है। बताते चलें कि न सिर्फ जिले के निरसा और झरिया इलाके में, बल्कि गोविंदपुर में भी लॉटरी का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा है, जिसमें कुलदीप गुप्ता, राजेश राहुल दास, प्रदीप, मास्टर समेत कई दर्जन लोग धरल्ले से इस कार्य में जुटे हुए हैं। स्थानीय मजदूर व्यवसाय वर्ग के लोग रातों-रात अमीर बनने के चक्कर में अपनी प्रतिदिन की कमाई का एक बड़ा हिस्सा लॉटरी में गंवा देते हैं और अवैध लॉटरी कारोबारी रातों-रात अमीर बन रहे हैं। बताया जाता है कि औरंगाबाद का झुनझुनवाला नामक एक शख्स इन सबों का आका है।

# झारखंड के सभी जिलों में 30 अप्रैल तक हीटवेव का असर



पोलिट लाइव रिपोर्टर

रांची :झारखंड के लगभग सभी जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि के पार पहुंच गया है. मात्र छह जिलों का ही अधिकतम तापमान 40 डिग्री से कम रहा. न्यूनतम तापमान भी 25 डिग्री सेसि या इससे अधिक चल रहा है. इस कारण लोगों को सुबह धूप बढ़ने के साथ ही गर्मी का एहसास हो रहा है. मौसम विज्ञान केंद्र का पूर्वानुमान है कि 27 से 30 अप्रैल तक पूरे राज्य में हीट वेव चल सकती है. इस दौरान राजधानी सहित अन्य जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि या इसके आसपास रह सकता है. मौसम विज्ञान केंद्र ने अलर्ट जारी किया है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है. शुक्रवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेसि के करीब पहुंच गया.

# दुर्गापुर में हेलिकॉप्टर में चढ़ने के दौरान ममता बनर्जी को लगी चोट, वह हेलिकॉप्टर के भीतर ही गिर गईं

पोलिट लाइव रिपोर्टर





आसनसोल : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर चोटिल हो गई हैं. वह दुर्गापुर से आसनसोल जा रही थीं. उन्हें वहां टीएमसी उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में एक रैली को संबोधित करना था. ममता बनर्जी जब हेलिकॉप्टर के अंदर जा रही थीं, उसी समय उनका संतुलन बिगड़ गया और वह लड़खड़ा कर गिर गईं. उनके पैर में हल्की चोट आई है. उनके सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत उनकी मदद की. मिली जानकारी के मुताबिक बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कुछ देर बाद दुर्गापुर से आसनसोल के लिए रवाना हो गईं. टीएमसी सूत्रों ने बताया कि उनकी चोट बहुत गंभीर नहीं है और वह आसनसोल में पार्टी की चुनावी रैली में शामिल होंगी. टीएमसी सुप्रीमो कुछ दिन पहले अपने आवास पर भी चोटिल हो गई थीं. वह अपने घर में टहलने के दौरान गिर गई थीं, जिससे उनके सिर पर चोट लगी थी. उन्हें तुरंत इलाज के लिए एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्हें टांके भी लगाए गए थे.

एसएसकेएम अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर मणिमोय बंदोपाध्याय ने अपने बयान में कहा था कि ममता बनर्जी को किसी ने पीछे से धक्का दिया था, जिस कारण वह गिर गई थीं और फोरहेड पर कट मार्क के साथ उन्हें अस्पताल लाया गया था. डॉक्टर मणिमोय के अनुसार बंगाल सीएम को मस्तिष्क और नाक में चोट लगी थी.

इससे पहले 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान वह नंदीग्राम में प्रचार करने गई थीं. वहां भीड़ में धक्का-मुक्की के दौरान ममता बनर्जी का पैर लोहे के एक खंभे से टकरा गया था और उन्हें चोट लग गई थी. रेयापारा में एक मंदिर के बाहर हुई इस घटना को टीएमसी ने भाजपा की साजिश का हिस्सा बताया था. वहीं बीजेपी ने ममता बनर्जी पर लोगों की सहानुभूति जुटाने के लिए चोटिल होने का नाटक करने का आरोप लगाया था. टीएमसी सुप्रीमो ने बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान अपने पैर में प्लास्टर के साथ व्हील चेयर पर बैठकर प्रचार किया था.

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

- निरीक्षण के दौरान कुछ बूथों में एएमएफ की व्यवस्था सुदृढ़ करने के दिए निर्देश
- वल्नेरेबल मतदाताओं से वार्ता कर बिना किसी डर, दबाव प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करने की अपील

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने धनबाद लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथों का निरीक्षण शनिवार को किया। इस दौरान उन्होंने बूथ पर एएमएफ की व्यवस्थाओं की जानकारी संबंधित एआरओ से प्राप्त की।

इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र स्थित पांडरपाला के बूथ नंबर 58,59,60 एवं 61 टुंडी विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 71, 368 एवं 369 एवं बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 280 एवं 268 का निरीक्षण कर एएमएफ की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जिन-जिन बूथ में एएमएफ की व्यवस्था में कमी नजर आई वैसे बूथों के पदाधिकारी को ससमय पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप, शेड आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वल्नेरेबल बूथ के मतदाताओं से वार्ता की और कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं। जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैं, इसलिए बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करें।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह संबंधित क्षेत्र के बीडीओ, समेत बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद रहे।

## TATA IPL मैच फैन पार्क 2024 धनबाद के रणधीर वर्मा स्टेडियम मे हुई आयोजित




पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद :Tata IPL Fan Park 2024,धनबाद के गोल्फ ग्राउंड मे मानो स्टेडियम का भरपूर मजा खेल प्रेमियों को मिल रहा है, तेज धुप मे भी खेल प्रेमी जुटे हुए थे..

## नशा से होने वाली खराबी के बारे में जागरूकता अभियान चलाया गया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : पुराना बाजार रेलवे लाइन चौक धनबाद अन्तर्गत में उपस्थित क्षेत्र ठेले वाले चौक, दुकानदार,राहगीर , युवाओं एवं जनप्रतिनिधि लोगों के बीच सभी टीम सदस्यों ने काया कल्प नशा विमुक्ति केंद्र यांग ऐक्शन फॉर मास याम इंडिया की जागरूकता अभियान चलाया गया । इस कार्यक्रम का लक्ष्य था कि आज के युवा पीढ़ी नौजवानों में जो नशा का लत काफी तेजी से बढ़ रहा है। जिससे समाज में आए दिन बात विवाद एवं घटना हो रही है। उसी को रोकने को लेकर समाज में नशा मुक्त अभियान का आगाज किया गया। इस मौके पर पुराना बाजार के वार्ड पार्षद में तौहीद आलम ने इस जागरूकता का मुख्य उद्देश्य से प्रभावित हुआ उन्होंने कहा नशा एक ऐसी हानिकारक है। जिससे आए दिन पिता-पुत्र पति-पत्नी एवं अपने रिश्तेदारों को नशे के हालत में बेतुकी बात एवं मारपीट लड़ाई झगड़ा उत्पन्न करती है जिससे समाज के छोटे-छोटे बच्चों में भी नशा का लत देखने को मिल रहा है। खास तौर पर जिस समाज के बच्चे नशा में विलय हो गए हैं यह काफी दुख की बात है। समाज के लोगों को चाहिए कि नशा से बिल्कुल मुक्त हो जाए आए दिन रोड एक्सीडेंट एवं अन्य तरह की घटनाएं नशे की हालत में देखने को मिल रहा है। जिससे हानी के अलावे कुछ नहीं मिलता है।

## 24 घंटा मे पानी आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो धनबाद गोबिन्दपुर मुख्य पथ को अनिश्चित कालिन के लिए जाम किया जायेगा

**पेयजल को ले आर-पार की होगी लड़ाई - देबू महतो**



पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : वार्ड ने 25 के जे सी मल्लिक रोड स्थित आर एन महतो लेन तेलीपाड़ा पाल नगर मांझी थान गली शिमलडीह इत्यादि क्षेत्र में मे पानी की घोर किल्लत विगत माह से झेल रहे मुहल्ले वासियों ने आज धैर्य टुटता हुआ नजर आया एक्सक्यूटिव ऑफिसर पीएचईडी से मिलकर अपने क्षेत्रों की पानी की आपूर्ति के सबंध में बाते को रखकर 24 घंटे की अल्टीमेटम दे डाली, इसके बाद धनबाद गोबिन्दपुर मुख्य पथ को अनिश्चित कालिन के लिए जाम करने की निर्णय ले लिया है प्रतिनिधि मंडल में शामिल झामुमो वरीय नेता देबू महतो ने बताया कि जिला,नगर प्रशासन तथा संबधित वरीय व कनिय पदाधिकारी को सुचना के उपरांत भी 24 घंटे मे समस्या की समाधान नही होता है तो मुहल्ले वासियों की ओर से जो भी निर्णय होगा उसे शांति रुप से आन्दोलन किया जाएगा ज्ञात हो कि उक्त संदर्भ में कई बार पत्राचार व प्रदर्शन कर चुके हैं अब पानी के लिए त्राहिमाम से निकलने के लिए आर-पार की लडाई लडी जाएगी |

मौके पर राजेन्द्र सिह श्यामल दत्ता,सुजीत मुखर्जी कल्याण भट्टाचार्य स्वदेश भट्टाचार्य देवासीश राय मोहित पांडे कल्याण राय कालो साव अरबिन्द झा राजु साव राजु मोदक उत्तम मोदक एवं अन्य मौजूद थे.



# मिट्टी का अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के विरुद्ध जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।







इसी कड़ी में खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक ने मिट्टी के अवैध खनन करने वालों के विरुद्ध बरोरा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है।

इस संबंध में श्री प्रमाणिक में बताया कि 24 अप्रैल को बरोरा थाना द्वारा जब्त एक जेसीबी मशीन एवं मिट्टी लदे 2 ट्रैक्टर की आज जांच की गई। जांच में पाया गया कि दोनों ट्रैक्टर में जेसीबी से मिट्टी का अवैध खनन कर लोड किया गया है। वहीं पूछताछ के क्रम में पता चला कि उस स्थान से मिट्टी का अवैध खनन कर जिले के अवैध ईंट भट्ठे में भेजा जाता है।

जांच पड़ताल के बाद खान निरीक्षक ने जब्त जेसीबी, जेसीबी के मालिक, जेसीबी के ऑपरेटर, लगभग 80 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच 10 ए.एन. 8677, लगभग 40 घनफीट मिट्टी लदे ट्रैक्टर नंबर जेएच 09 पी 5657, दोनों ट्रैक्टर के मालिक तथा उसके चालकों एवं इस कार्य में संलिप्त अज्ञात लोगों के विरुद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 के नियमों तथा आईपीसी के विभिन्न धाराओं के तहत बरोरा थाना में आज प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## सिविल कोर्ट में न्यायाधीशों ने किया रक्तदान

- वक्त का हर क्षण और रक्त का हर कण अमूल्य होता है - न्यायाधीश

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन सिविल कोर्ट धनबाद स्थित लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल कार्यालय में किया गया।शिविर में 12 न्यायिक पदाधिकारीयों, आठ अभियोजन पदाधिकारी , लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल के सदस्यों, सिविल कोर्ट कर्मचारीयों , अधिवक्ताओं , डालसा के पारा लिगल वोलेंटियर ने कुल 26 यूनिट रक्त का दान किया। सबसे पहले रक्तदान धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप मान ने किया जिसके बाद अवर न्यायाधीश निताशा बरला , प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूजा पांडे , अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश , उनकी पत्नी मिनल प्रकाश , उमेश दीक्षित पुलिस जय कुमार रवानी, सौरव सरकार, अभिजीत कुमार साधु, पंकज कुमार श्रीवास्तव, श्रीचंद प्रसाद, संदीप कुमार , अरूण कुमार, रघुनाथ महतो, सुमन पाठक, शैलेन्द्र झा, नीरज गोयल, मुस्कान चोपड़ा, स्वाति कुमारी, हेमराज चौहान, जयदेव बनर्जी, चंदन कुमार, प्रदीप कुमार सिन्हा, शमशेर आलम, अनूप कुमार, अशोक कुमार, ने दोपहर बारह बजे तक रक्त दान किया।

## स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए 63 एसएसटी का गठन

- 29 अप्रैल को की जाएगी अधिसूचना जारी

पोलिट लाइव रिपोर्टर




धनबाद : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए 63 स्टैटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) का गठन किया है। इसमें धनबाद, झरिया व बाघमारा में 12 - 12 तथा सिंदरी, निरसा एवं टुंडी विधानसभा क्षेत्र में 9 - 9 टीम तीन शिफ्ट में चौबीसों घंटे कार्यरत रहेगी।

एसएसटी टीम अपने क्षेत्र में अवैद्य शराब, रिश्वत की वस्तु, भारी मात्रा में नगदी, हथियार एवं गोला-बारूद को लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर नजर रखेगी। वहीं जांच की सम्पूर्ण प्रक्रिया की विडियोग्राफी विडीयो सर्विलांस टीम (वीएसटी) करेगी। एसएसटी के वरीय प्रभार में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्रीमती हेमा प्रसाद व अनुमंडल पदाधिकारी श्री उदय रजक नोडल पदाधिकारी रहेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि धनबाद में 29 अप्रैल 2024 को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई, 7 मई को नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी तथा 9 मई को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि रहेगी। 25 मई 2024 को मतदान, 4 जून को मतगणना तथा 6 जून 2024 को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

EAST END CONVENT
Near G. N. College, Rani Road, Bhuda, Dhanbad
Mob.: 8210805005, 9334624678

1. Classes running from NUR. to (+2) Level
For (+2) : Science, Commerce & Arts.
2. Transportation Facility available at low rate.
3. Computer Lab.
4. Well Known Faculty Subject Wise.
5. Special Care for Weak Students.
6. Fee Structure very less in comparison to other C.B.S.E. School.
7. Extra Curriculum activities regularly.
8. Peaceful and well disciplined environment.
9. Upcoming Science Lab and Library.
10. We create leader through activities.



# इंडिया गठबंधन के लोकसभा : कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने सघन जनसम्पर्क अभियान चलाई

- हाथ बदलेगा धनबाद के हालात- अनुपमा सिंह

पोलिट लाइव रिपोर्टर





धनबाद : लोकसभा इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह का सघन जनसम्पर्क अभियान मटकुरिया धनबाद विधानसभा के धनबाद प्रखंड के प्रभु महतो चौक एवं पुटकी पुल के क्षेत्र में भगवान बस्ती कासिया तन बस्ती में जनसंपर्क एवं नुक्कड़ सभा केंदुआ बस्ती लोहारगोडा पेटिया बशीर चौक चौक में जनसंपर्क निराशा विधानसभा क्षेत्र के निरसा प्रखंड के बेलडांगा एम पी एल गेट के समीप बैठक एवं जन संपर्क तेलतोड़िया भगवतयज्ञ में पूजा अर्चना कुंवारी बेल चाडी में जनसंपर्क धनबाद के आमघाट भोजपुर मंदिर के समीप अपनो घर पर सोसाइटी में जनसंपर्क आदि सर्वप्रथम मटकुरिया गोलीकांड में शाहिद हुए विकास सिंह संजय रवानी संजय पासवान दिनेश हाड़ी को नाम आंखों से उक्त स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि 2011 में अर्जुन मुंडा भाजपा के शासनकाल में अतिक्रमण की आड़ में बर्बरता पूर्वक बिना विस्थापन पुनर्वास के भूली एवं कोल बोर्ड के लोगों पर कहर बरपाया गया यह इतिहास धनबाद की जनता भूल नहीं सकती यही है भाजपा के शासनकाल का चाल चरित्र और चेहरा कांग्रेस पार्टी एवं अन्य दलों के लोगों ने शांति पूर्ण तरीके से इस अतिक्रमण पर रोक लगाने के लिए सड़कों पर बैठकर आंदोलन का रूख तैयार किया गया था जिसे तानाशाही अर्जुन मुंडा की सरकार ने कुचलना का काम किया था और फर्जी मुकदमे दर्ज कर फसाया गया था लेकिन कांग्रेस हमेशा ही आम दबे कुचले लोगों के साथ खड़ी रहती आई है अत्याचार के विरुद्ध आगे भी लड़ती आई है और आगे भी लड़ती रहेगी दुख की बात है कि विगत कितने दिनों के बाद भी भाजपा का सांसद और विधायक होने के बावजूद भी उक्त शहीद परिवारों को कोई भी उचित मुआवजा या नौकरी नहीं दी गई हाथ बदलेगा हालत अब होगा धनबाद की जनता के साथ न्याय उपरांत जनसंपर्क अभियान भागाबॉध के दौरान बशीर मोड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय एवं कांग्रेस पदाधिकारी एवं महागठबंधन के लोगों के साथ विचार विमर्श कर उन सबों से आशीर्वाद प्राप्त कर धनबाद प्रखंड के केंडवाड़ी बस्ती पेटियां पोस्ट ऑफिस एवं अन्य जगहों पर नुक्कड़ सभा में सम्मिलित होकर भ्रष्ट मोदी सरकार की भ्रष्ट नीतियों से अवगत कराया और इंडिया महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने के लिए अपील की एक तरफ 50 आपराधिक मामलों की परकाष्ठा है वाले प्रत्याशी है दुसरी तरफ शिक्षित बेटी आप लोगों के समक्ष खड़ी है जिसके पास धनबाद को बेहतर बनाने के लिए उनकी मूलभूत समस्याओं का निराकरण करने के लिए विजन है 24 घंटे धनबाद शहर में रहकर सेवा निभाऊंगी या मेरे गारंटी है धनबाद की समस्याओं को लेकर लोकसभा में प्रखरता से आवाज उठाऊंगी चाहे वह एम्स का मुद्दा हो एयरपोर्ट का मुद्दा हो ट्रेन का मुद्दा हो बहुत लूट खसोट धनबाद जिला का कर लिया अब नहीं करने दिया जाएगा इसलिए आने वाले चुनाव में आप सोच समझकर तरक्की को चुने कांग्रेस को चुने उक्त जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका ने दी।

## भाजपा महानगर के प्रमुख कार्यकर्ताओं की जिला कार्यालय मे बैठक संपन्न




- 30 अप्रैल को धनबाद भाजपा उम्मीदवार दुल्लु महतो करेंगे नामांकन- पीएन सिंह सांसद
- राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उपस्थित रहेंगे- राज सिन्हा विधायक

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : भारतीय जनता पार्टी धनबाद जिला महानगर के प्रदेश कार्यसमिति सदस्यों, जिला पदाधिकारी ,मंडल अध्यक्षों तथा प्रमुख कार्यकर्ताओं की एक बैठक महानगर जिला अध्यक्ष श्रवण राय की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में संपन्न हुई।
बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ सिंह जी ने कहा की 30 अप्रैल को धनबाद लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक दुल्लू महतो नामांकन करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जी तथा झारखंड बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल मरांडी जी उपस्थित रहेंगे। उस दिन गोल्फ ग्राउंड में एक जनसभा भी होगी। नामांकन और जनसभा दोनों महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।
यह दोनों कार्यक्रम ऐतिहासिक हो इसके लिए आप सभी संकल्पित होकर लग जाए।
धनबाद के विधायक राज सिंहा ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी तथा बाघमारा के विधायक दुल्लू महतो के नामांकन और इस अवसर पर होने वाले जनसभा में आप सभी प्रयास करें की नामांकन और जनसभा में प्रत्येक बूथों से अधिक से अधिक उपस्थित हो। धनबाद विधानसभा से ऐतिहासिक उपस्थित होगी।
लोकसभा प्रभारी सुरेश साहू ने कहा की ये चुनाव देश के अर्थतंत्र को तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में विकास की किरण जन-जन तक पहुंची है। निश्चित रूप से धनबाद लोकसभा प्रत्याशी दुल्लू महतो के नामांकन और इस अवसर पर होने वाले जनसभा की सफलता धनबाद लोकसभा से भाजपा के विजय की नींव रखेगी। इसलिए आप सभी 30 अप्रैल को होने वाले नामांकन और जनसभा की सफलता के लिए लग जाए।
लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार ने कहा की भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय स्तर से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को लेकर लग गए हैं।



# धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी दुलू महतो झरिया सहाना पहाड़ी पहुंचकर ग्रामीणों का आशीर्वाद लिया

पोलिट लाइव रिपोर्टर

झरिया : जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले धनबाद लोकसभा भाजपा प्रत्याशी ढुल्लु महतो झरिया विधानसभा अंतर्गत सहाना पहाड़ी पहुंचकर देवतुल्य ग्रामीणों का आशीर्वाद लिया और एक नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप ऐसे प्रत्याशी को वोट जो आपके हर सुख दुःख में खड़ा रहे जिसके दरवाजे सभी के लिए



खुले हो जो आपको नाम से चेहरा से पहचानता हो दुःख की घड़ी में जो आपका फोन उठाता हो, मौके पर ग्रामीणों ने प्रत्याशी ढुल्लू महतो को माला पहनाकर सम्मानित किया और अपना जन समर्थन देते हुए भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया.

## सेवा और समर्पण संस्था सदस्यों ने एसएनएमएमसीएच अस्पताल मे भोजन वितरण किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : सेवा और समर्पण संस्था के सदस्यों ने अस्पताल मे परेशान लाचार मरीजों के परिजनों को भोजन वितरण किया, दर्जनों सदस्यों ने एसएनएमएमसीएच अस्पताल पहुंचकर दलिया एवं अन्य नाश्ता सामान ले कर परिजनों को वितरण किया. उक्त कार्यक्रम मे अध्यक्ष काजल झा मित्रा ने बताई क़ी ऐसा यें कार्यक्रम प्रत्येक सप्ताह में दो दिन शनिवार और मंगलवार को करने का निर्णय लिया है, अगर समाज सेवीयों का सहयोग मिलता रहा तो कार्यक्रम चलता रहेगा, उक्त कार्यक्रम मे रुमा जी , सोनी वर्मा, मीता जी , मिताली जी ,सपोर्ना जी ,अनिशा दास , विमल जी , राव जी रजनी जी उषा जी चैताली जी मृदुला जी पंकज वर्मा सुकृति वर्मा मनीषा सिंह आदि उपस्थित थें......

# धनबाद कोयलांचल के भीषण गर्मी, लोग अस्त व्यस्त...







पोलिट लाइव रिपोर्टर

**धनबाद कोयलांचल के भीषण गर्मी से लोग अस्त व्यस्त परेशान, हो रहें है,शहर का तापमान करीब 42 -43 डिग्री दोपहर मे हो जा रहा है, ऐसे मे लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया है, सड़कों पर सन्नाटा, एक्का दुक्का लोग दिखते है जो सूर्य देवता के तेज के प्रकोप से बचाव के उपाय कर निकले है, छाता ले कर चेहरा के ऊपर कपड़ा लपेट कर निकलना सही है,कैमरामैन के नज़र से कुछ फोटो के शहर क़ी ....**












मैनेजिंग संपादक - बिद्युत वर्मा, कार्यालय- गली न0-10, बिनोद नगर, धनबाद-826001, Mobile No. : 9934560545

# गोविंदपुर में बेरमो विधायक अनूप सिंह ने महागठबंधन प्रत्याशी अनुपमा की जीत सुनिश्चित करने के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं को प्रचार अभियान में जुट जाने की अपील किया

पोलिट लाइव रिपोर्टर



गोविंदपुर : बेरमो विधायक अनूप सिंह ने महागठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए झामुमो कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर प्रचार अभियान में जुट जाने की अपील की। शुक्रवार रात उन्होंने जिप सदस्य नाजिश रहमानी एवं झामुमो के जिला संगठन सचिव एजाज अहमद के आवास पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की जीत तय है और अब सभी कार्यकर्ताओं को अपनी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करना होगा। उन्होंने गांव गांव जाकर प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में प्रचार करने का आह्वान किया।

श्री अहमद ने कहा कि झामुमो की पूरी टीम का पूरा सहयोग रहेगा । इस अवसर पर 20 सूत्री के जिला उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव सिंह, नवीन सिंह, माथुर अंसारी, सत्येंद्र मिश्रा, ईश्वर किस्कू, लेबा मरांडी, अजय मालाकार, प्रेम , अली अख्तर, अयूब अंसारी, इरशाद अंसारी, सलीम अंसारी आदि मौजूद थे।

# राजा बस्ती रंगामाटी सिंदरी में आयोजित तीन दिवसीय श्री श्री हरि कीर्तन महायज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ

### भाजपा धनबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ढुल्लू महतो के धर्मपत्नी सावित्री देवी ने कार्यक्रम का उद्घाटन फीता काट कर की

पोलिट लाइव रिपोर्टर





सिंदरी: राजा बस्ती रंगामाटी सिंदरी में आयोजित तीन दिवसीय श्री श्री हरि कीर्तन महायज्ञ कार्यक्रम कि शुभारंभ शनिवार को किया गया।

इस तीन दिवसीय हरि कीर्तन महायज्ञ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा धनबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ढुल्लू महतो के धर्मपत्नी सह भाजपा नेत्री सावित्री देवी ने कार्यक्रम का उदघाटन फीता काट कर किया।

इसमें शनिवार से हरि कीर्तन लागातार तीन दिनो सोमवार तक चलेगा तथा मंगलवार को कुज मिलन के साथ 30 अप्रेल को कार्यक्रम का समापन होगा। इस कार्यक्रम में बंगाल से आई कीर्तनिया कृष्णा प्रिया मांजी की टोली, रंग दल, अखंड हरि कीर्तन हरिबोल, निरसा, दलदली एवं आमटाल की टोली शामिल होगी।

कार्यक्रम को सफल बनाने में राजा बस्ती सोलोआना कमिटी के लोग लगे हुए हैं।

## गोविंदपुर संवाददाता उज्जवल कुमार मंडल के छोटे साला राकेश मंडल की गिरिडीह में शादी संपन्न



पोलिट लाइव रिपोर्टर

गोविंदपुर : शादी समारोह का आयोजन हुआ गोविंदपुर एवं गिरिडीह महतो डीह में वर पक्ष चिरंजीव राकेश कुमार मंडल सुपुत्र श्री अशोक मंडल श्रीमती बबीता मंडल वधू पक्ष आयुष्मति सोनोका कुमारी सुपुत्री श्री बबलू मंडल एवं श्रीमती सरिता मंडल इस शादी में कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए, दोनों तरफ से कार्यक्रम का आयोजन किया गया|

वर पक्ष के दामाद पोलिट लाइव गोविंदपुर संवाददाता उज्जवल कुमार मंडल एवं उनके धर्म पत्नी सरस्वती कुमारी मंडल और अन्य दीपिका मुकेश मंडल ललिता मंडल निकिता कुमारी मंडल अंश कुमार मंडल असीत आकाशी ओघर मंडल शादी के पावन परिणयोतसव ही मांगलिक बेला मे पधारकर पर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया एवं दोनों को लंबी आयु की आशीर्वाद दिया एवं सभी लोग ने बधाई दी|

## यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर चलायी जाएगी गोमो, कोडरमा के रास्ते पुरी- आनंद विहार टर्मिनल के मध्य एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन

पोलिट लाइव रिपोर्टर

धनबाद : ग्रीष्मकालीन ऋतु के दौरान यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर उनके सुविधा एवं सुगम आवागमन हेतु गोमो, कोडरमा के रास्ते पुरी- आनंद विहार टर्मिनल के मध्य एक जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलायी जाएगी | गाड़ी संख्या 08481/ 08482 पुरी- आनंद विहार टर्मिनल-पुरी स्पेशल (भुवनेश्वर- कटक- चांडिल- मुरी- बोकारो- गोमो- कोडरमा- गया- डीडीयू- प्रयागराज- कानपुर- टुंडला के रास्ते):- गाड़ी संख्या 08481 पुरी- आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल दिनांक 29.04.2024 से 24.06.2024 तक प्रत्येक सोमवार को पुरी से 23.45 बजे खुलकर मंगलवार को 13.00 बजे गोमो पहुंचेगी और यहाँ से 13.05 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 14.00 बजे कोडरमा पहुंचेगी और यहाँ से 14.02 बजे आगे के प्रस्थान करेगी एवं बुधवार को 09.50 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 08482 आनंद विहार टर्मिनल- पुरी स्पेशल दिनांक 01.05.2024 से 26.06.2024 तक प्रत्येक बुधवार को आनंद विहार टर्मिनल से 11.50 बजे खुलकर गुरुवार को 06.18 बजे कोडरमा पहुंचेगी और यहाँ से 06.20 बजे आगे के प्रस्थान करेगी, 07.22 बजे गोमो पहुंचेगी और यहाँ से 07.27 बजे आगे के प्रस्थान करेगी एवं गुरुवार को 21.30 बजे पुरी पहुंचेगी ।

# धनबाद मंडल में लगातार 36 घंटों का चलाया गया गहन टिकट चेकिंग अभियान

पोलिट लाइव रिपोर्टर



धनबाद : धनबाद मंडल में शनिवार सुबह 08.00 बजे से 25.04.2024 के रात 08.00 बजे तक लगातार 36 घंटों का गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया । इस अभियान में मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों के साथ अन्य स्टेशनों एवं मंडल से चलने/ गुजरने वाली विभिन्न ट्रेनों में गहन टिकट चेकिंग की गई | इस दौरान की गई चेकिंग में 341 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था | इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान कुल 3203 यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे 16 लाख 45 हजार 160 रूपए जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई | इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई।

यह गहन टिकट चेकिंग अभियान वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में सी.टी.आई टिकट चेकिंग, विभिन्न सी.टी. आई, सी.आई.टी ,चेकिंग कर्मियों के साथ मिलकर चलाया गया | इस अभियान का उद्देश्य टिकट काउंटर की बिक्री बढ़ाना, बिना टिकट के यात्रा करने वाले यात्रियों पर लगाम लगाना एवं यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्रेरित करना है जिससे कि वो अगली बार टिकट लेकर यात्रा करे।


केंद्र के जीएफ नीति( 2008) के तहत सभी प्रदेशो में ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा निर्माण प्रस्ताव को रोकर

# राज्य सरकार ने नही बनने दिया धनबाद में हवाई अड्डा

**कतरास के समाजसेवी व पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा ने 28 दिसंबर 2023 को नगर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार को धनबाद में हवाई अड्डा निर्माण प्रस्ताव हेतू दिया था लिखित आवेदन**

पोलिट लाइव रिपोर्टर

कतरास : कतरास के समाजसेवी व पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा ने जीएफ नीति( 2008) के तहत धनबाद में ग्रीन फील्ड हवाई अड्डा का निर्माण हेतु राज्य सरकार को अनुरोध दिया गया था,परंतु तात्कालिक राज्य सरकार ने उस अनुरोध को ठंडे बस्ते में रख दिया केंद्र सरकार को प्रस्ताव नही भेजा जिसकारण धनबाद में नए हवाई अड्डे के निर्माण नही हो पाया आज पुनः श्री झा ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा है कि सचमुच में अगर सरकार धनबाद का विकास चाहती हैं तब हवाई अड्डा नीति 2008 के तहत धनबाद में हवाई अड्डे के निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने का कष्ट करें। क्योंकि धनबाद में स्थल की कमी नहीं है जब मेघालय में देश का सबसे छोटा एयरपोर्ट बलजेक एयरपोर्ट बन सकता है तो धनबाद में क्यों नहीं ?


(ADVOCATE)
Ex Chairman
Bokaro Industrial Area Development Authority
Dhanbad (Jharkhand)
0326 - 2372493(R)
9431120725, 9572499669

Ref. No.......
Date 27.04.2024


प्रकाशनार्थ

धनबाद में नए हवाई अड्डा का निर्माण के लिए मैंने 28 दिसंबर 2023 को नगर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार को एक पत्र लिखा था जिसका जबाब विगत 25 अप्रैल 2024 को अमित कुमार झा, अपर सचिव, भारत सरकार (पत्रांक संख्या: एवी -24032/144 (1 )/2021 -एडी) द्वारा प्राप्त हुआ।

पत्र का अवलोकन करने पर पता चला कि नगर विमानन भारत सरकार को धनबाद में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण हेतु कोई भी प्रस्ताव जीएफ नीति के तहत आज तक मंत्रालय को नहीं दिया गया है ( पत्र की छायाप्रति संलग्न है ) यह पत्र सचमुच में चौकाने वाला है।

मैं पुनः राज्य सरकार से मांग करता हूँ कि यदि सचमुच में आप धनबाद का विकास चाहते हैं तो हवाई अड्डा नीति 2008 के तहत धनबाद में हवाई अड्डे के निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजने का कष्ट करें। क्योंकि धनबाद में स्थल की कमी नहीं है जब मेघालय में देश का सबसे छोटा एयरपोर्ट बलजेक एयरपोर्ट बन सकता है तो धनबाद में क्यों नहीं ?

भवदीय
(बिजय कुमार झा)


एवी-24032/144(I)/2021-एडी
भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
एडी अनुभाग
*****

'बी' ब्लॉक, राजीव गांधी भवन
सफदरजंग हवाईअड्डा नई दिल्ली
दिनांक: 01.04.2024

सेवा में,
श्री विजय कुमार झा, अधिवक्ता
रानी बाज़ार, कतरासगढ़ ,
धनबाद (झारखंड)
पिन- 828113

**विषय: धनबाद, झारखंड में नए हवाईअड्डे के निर्माण के लिए अनुरोध के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय पर दिनांक 28.12.2023 के अपने पत्र का संदर्भ लें ।

2. इस संबंध में, यह बताया जाता है कि भारत सरकार ने ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा (जीएफए) नीति, 2008 तैयार की है जिसमें देश में नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों की स्थापना के लिए दिशानिर्देश, प्रक्रिया और शर्तें निर्धारित की गई हैं। जीएफए नीति के अनुसार, हवाईअड्डा स्थापित करने की इच्छुक राज्य सरकार तथा हवाईअड्डा विकासकर्ता द्वारा एक उपयुक्त स्थल की पहचान करने के बाद हवाईअड्डे के निर्माण हेतु पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन कराना अपेक्षित है और तत्पश्चात, उन्हें निर्धारित प्रारूप में (www.civilaviation.gov.in पर उपलब्ध), 2-चरणीय अनुमोदन प्रक्रिया यानि 'साइट क्लीयरेंस' एवं तदुपरांत 'सैद्धांतिक' अनुमोदन के लिए नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए) को एक प्रस्ताव भेजना होता है ।

3. जीएफए नीति के अनुसार, इस मंत्रालय को धनबाद, झारखंड में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के निर्माण हेतु कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। जब भी किसी हवाईअड्डा विकासकर्ता अथवा संबद्ध राज्य सरकार से धनबाद, झारखंड में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा स्थापित करने के विषय में कोई प्रस्ताव प्राप्त होगा, तो उस पर ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति, 2008 के प्रावधानों के अनुसार विचार किया जाएगा।

भवदीय,
(अमित कुमार झा)

उन्होंने फिर कहा कि धनबाद में नए हवाई अड्डा का निर्माण के लिए मैंने 28 दिसंबर 2023 को नगर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार को एक पत्र लिखा था जिसका जबाब विगत 25 अप्रैल 2024 को अमित कुमार झा, अपर सचिव, भारत सरकार (पत्रांक संख्या: एवी -24032/144 (1 )/2021 -एडी) द्वारा प्राप्त हुआ।

पत्र का अवलोकन करने पर पता चला कि नगर विमानन भारत सरकार को धनबाद में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण हेतु कोई भी प्रस्ताव जीएफ नीति के तहत राज्य सरकार ने मंत्रालय को नहीं दिया है यह पत्र सचमुच में चौकाने वाला बात है। इस लिए मैं पुनः राज्य सरकार को अनुरोध कर रहा हूं।

# निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी ने किया चंदनक्यारी मे जन संपर्क अभियान



**धनबाद में पिछले कई सालों से विकास कार्य नही हुआ। यहां के प्रतिनिधि सत्ता मिलने के बाद भी जनता के हित में फैसला नहीं लिया- लक्ष्मी देवी**

पोलिट लाइव रिपोर्टर

भूली : धनबाद लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी ने अपने पक्ष में मतदान करने को लेकर चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र के हाजरा बस्ती में जन संपर्क अभियान चलाया।
मौके पर लक्ष्मी देवी ने कहा कि धनबाद में पिछले कई सालों से विकास कार्य नही हुआ। यहां के प्रतिनिधि सत्ता मिलने के बाद भी जनता के हित में फैसला नहीं लिया। आम जनता मामूली सुविधा से भी वंचित रखा गया। पानी बिजली जैसे अति आवश्यक सुविधा भी जनता को नही मिला।
लक्ष्मी देवी ने कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र का अगर विकास करना है तो ईमानदार प्रत्याशी को वोट करना होगा। लक्ष्मी देवी ने कहा कि में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में आपसे वादा करती हूं कि आपके सेवा के लिए ईमानदारी से कार्य करूंगी।

# दक्षिणी राज्यों में जलसंकट की स्थिति गंभीर

पोलिट लाइव रिपोर्टर

चेन्नई :दक्षिण भारत के राज्यों में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु आते हैं। सीडब्ल्यूसी द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों के जलाशयों के भंडारण स्तर के संबंध में बृहस्पतिवार को जारी बुलेटिन में बताया गया कि दक्षिणी क्षेत्र में आयोग की निगरानी के तहत 42 जलाशय हैं जिनकी कुल भंडारण क्षमता 53.334 बीसीएम (अरब घन मीटर) है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, इन जलाशयों में मौजूदा कुल भंडारण 8.865 बीसीएम है, जो उनकी कुल क्षमता का केवल 17 प्रतिशत ही है।
यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान भंडारण स्तर (29 प्रतिशत) और इसी अवधि के दस साल के औसत (23 प्रतिशत) की तुलना में काफी कम है। दक्षिणी क्षेत्र के जलाशयों में भंडारण का कम स्तर इन राज्यों में पानी की बढ़ती कमी और सिंचाई, पेयजल और पनबिजली के लिए संभावित चुनौतियों का संकेत है।

## बीसीसीएल के एंटीएसटी में एमडीओ मोड़ का परियोजना के शुरू होते ही सैकड़ों ग्रामीणों व रैयतों ने आंदोलन शुरू किया



पोलिट लाइव रिपोर्टर

तिसरा : बीसीसीएल के एंटीएसटी में एमडीओ मोड़ का परियोजना के शुरू होते ही सैकड़ों ग्रामीणों व रैयतों के विस्थापन होने से सशंकित सुरुन्गा पंचायत के मुखिया विजय कालिंदी ने शनिवार को साउथ तिसरा ऑफिस धौड़ा में एक बैठक कर ग्रामीणों के पक्ष में तथा प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उचित मुआवजा एवं विस्थापन कि मांग करते हुए आंदोलन करने का निर्णय लिया है। मुखिया श्री कालिंदी ने ग्रामीणों और रैयतों के साथ बैठक कर पत्रकारों से कहा कि एमडीओ मोड़ परियोजना से सुरुन्गा पंचायत के सैकड़ों आवास पर तथा सैकड़ों एकड़ जमीन के प्रभावित होने का खतरा है।
उन्होंने कहा कि ग्रामीण कोयला उत्पादन के विरोधी नहीं है मगर प्रबंधन प्रभावित होनेवाले क्षेत्र के लोगों को पंचायत क्षेत्र में ही विस्थापित करे तथा ओबी डंप में रैयतों कि गई जमीन के रैयतों को उसके जमीन के बदले नया दर से मुआवजा का भुगतान करे। उन्होंने कहा कि एमडीओ मोड़ परियोजना से फिलहाल साउथ तिसरा के बेलधौड़ा ,ऑफिस धौड़ा के लगभग 110 घर प्रभावित है उसे सुविधा व रोजगार के साथ विस्थापन करने कि मांग करते हुए प्रबंधन को चेतावनी दिया कि अगर प्रबंधन ने प्रभावित ग्रामीणों को जबरन विस्थापन कराने कि कोशिश किया तो क्षेत्र के ग्रामीण उग्र आंदोलन कर परियोजना का काम एक इंच कार्य आगे बढ़ने नहीं दिया जाएगा। बैठक कि अध्यक्षता प्रेम बाउरी एवं संचालन रत्न देव ने किया । बैठक में राजीव देव ,समरेश देव,रामानंद सिंह ,उर्मिला देवी ,शांति देवीसहित दर्जनो ग्रामीण थे।

